# कार्मिक विभाग

कार्मिक विभाग मानव संसाधन की प्रकिया में अत्यंत अहम तथा महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सारे विभागों में कुशल कर्मचारियों की भर्ती से लेकर उनकी पदोन्नतियां, विविध प्रशिक्षण प्रकिया तथा कल्याणकारी उपाय योजनाओं सहित उनके सेवानिवृति के निपटारे तक के कार्य इस विभाग से किया जाता है। मुख्यता: अपने कर्मचारियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर रूप से यह विभाग प्रयास करते रहता है।

कार्मिक विभाग की जिम्मेदारियां एवं कार्य - संगठन को बौधिक दृष्टि से सक्रिय तथा अग्रसर बनाए रखने के लिए अपनी भर्ती नीति को ध्यान में रखते हुए भूमिहारों के लिए विभिन्न विभागों में भर्ती, अपने कर्मचारियों की कुशलता और पेशेवर उत्कृष्टता को बढ़ाने के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा विविध परियोजनाओं का कुशल कर्मचारियों द्वारा प्रबंधन, कर्मचारियों के कैरियर प्रगति के लिए पदोन्नतियों की नीति तैयार करना, मानव संसाधनों के विविध नितियों के अनुपालन, अपने कर्मचारियों तथा उनके परिवार के लिए विभिन्न कल्याणकारी उपाय, खेल-कूद तथा सांस्कृतिक गतिविधियों में उनकी छिपी हुई प्रतिभा को उजागर करना, बेहतर कार्य सुविधाएं और सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराना, कर्मचारियों के शिकायतों का निपटारा, सामंजस्यपूर्ण औद्योगिक संबंध सुनिश्चित करना, बहुकुशलता के साथ विवेकसम्मत मानवशक्ति की योजना तथा रेल मंत्रालय एवं सार्वजनिक उद्यम विभाग से समय-समय पर प्राप्त दिशा निर्देशों का अनुपालन करना शामिल हैं।

“अदतन- 31/03/2025